राज्य निर्वाचन आयोग
बिहार
**STATE ELECTION COMMISSION,
BIHAR**

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या–पं०नि० 30–111/2024 45
प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला पदाधिकारी–सह–
जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत),
मधुबनी।

पटना, दिनांक– 7.1.25

**विषयः– प्रखण्ड पंडौल ग्राम पंचायत सरिसवपाही पश्चिम के उप मुखिया एवं प्रखंड पंडौल ग्राम पंचायत सलेमपुर के उप मुखिया के रिक्त पद पर निर्वाचन के संबंध में।**

**प्रसंगः– आपका पत्रांक 4181 दिनांक 07.12.2024 एवं पत्रांक 4180 दिनांक 07.12.2024**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र द्वारा **प्रखण्ड पंडौल ग्राम पंचायत सरिसवपाही पश्चिम के उप मुखिया एवं प्रखंड पंडौल ग्राम पंचायत सलेमपुर के उप मुखिया के रिक्त** के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव पारित होने के फलस्वरूप रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु आयोग को प्रतिवेदन/प्रस्ताव प्रेषित किये गये हैं। जिनके समीक्षोपरान्त पाया गया कि –

1. **प्रखण्ड पंडौल ग्राम पंचायत सरिसवपाही पश्चिम के उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव संबंधीत प्रतिवेदन विहित** प्रपत्र 3 में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित न कर पंचायत सचिव द्वारा प्रतिवेदित किया गया है।
2. **प्रखण्ड पंडौल ग्राम पंचायत सलेमपुर के उप मुखिया के विरूद्ध अविश्वास प्रस्ताव संबंधीत प्रतिवेदन विहित** प्रपत्र 3 में प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा प्रतिवेदित न कर पंचायत सचिव द्वारा प्रतिवेदित किया गया है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में अनुरोध है कि उक्त संदर्भ में स्थिति स्पष्ट करते हुए वांछित प्रतिवेदन पत्र प्राप्ति के दो दिनों के अन्दर उपलब्ध कराना सुनिश्चित की जाय। ताकि संदर्भित रिक्त पद पर निर्वाचन कराने हेतु तिथि निर्धारित की जा सके। साथ ही आयोग द्वारा दिये गये निदेश के बावजूद किस आधार पर विहित प्रपत्र में पंचायत सचिव द्वारा प्रतिवेदित किया गया है जबकि इसके लिए प्रखंड विकास पदाधिकारी को निदेशित किया गया है, संबंधित पंचायत सचिव एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी से स्पष्टीकरण प्राप्त कर अपने मंतव्य के साथ स्थिति स्पष्ट की जाय।

विश्वासभाजन,
07/01/25
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक पं०नि० 30–111/2024– 45　　　　पटना, दिनांक – 7.1.25
प्रतिलिपि : आयुक्त, दरभंगा प्रमंडल, दरभंगा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/01/25
विशेष कार्य पदाधिकारी ।

ज्ञापांक प०नि० 30–111/2024– 45　　　　पटना, दिनांक – 7.1.25
प्रतिलिपि : सचिव, पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

07/01/25
विशेष कार्य पदाधिकारी।

07/01/2025